# <u>भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद-पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केंद्र</u>

**<u>3/1 लाजपत राय रोड, नया कटरा, प्रयागराज</u>**




आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद -पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केंद्र द्वारा दिनांक 22 मई 2023 को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर “पर्यावरण सदृश्य जीवन शैली से जैव विविधता के संरक्षण” विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र कुमार मौर्य एवं केंद्र के अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक व अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया।

औपचारिक उद्घाटन के बाद कार्यक्रम संयोजक व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री आलोक यादव ने कार्यशाला के विषय मे संक्षिप्त जानकारी देने के साथ जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डाला। केंद्र प्रमुख डॉ संजय सिंह तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अनीता तोमर ने भारत सरकार के मिशन लाइफ द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नत जीवन शैली से जैव विविधता संरक्षण पर बल दिया। डॉ सिंह ने छोटी–छोटी गतिविधियो द्वारा पर्यावरण संरक्षण के योगदान पर प्रकाश डाला , जिसमे जैव विविधता संरक्षण प्रमुख है।

इसी अवसर पर ‘राष्ट्रीय तंबाकू निवारण’ कार्यक्रम के अन्तर्गत ‘स्वस्थ जीवन शैली’ के लिए विशिष्ट अतिथि, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र कुमार मौर्य ने तंबाकू रहित जीवन शैली

को अपनाने पर ज़ोर दिया तथा जागरूकता व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यशाला के अंतिम सत्र मे विशेषज्ञो द्वारा प्रतिभागियो की शंकाओ का समाधान किया गया।

धन्यबाद ज्ञापन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अनुभा श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला मे अधिकारियों, कर्मचारियो एवं शोधार्थियों के साथ अन्य छात्र–छात्राओ ने भाग लिया।

## <u>कार्यशाला की झलकियां</u>











International Day of Biological Diversity
Date: 22 May 2023
ICFRE-ECO REHABILITATION CENTRE
3/1, Lajpat Rai Road, New Katra, Prayagraj -211002

International Day of Biological Diversity
WORKSHOP ON
LIFE STYLE FOR BIO-DIVERSITY CONSERVATION
Date: 22 May 2023
Venue : Saraswati Sammelan Hall
ICFRE-ECO REHABILITATION CENTRE
3/1, Lajpat Rai Road, New Katra, Prayagraj -211002


LiFE
G20
International Day of Biological Diversity
WORKSHOP ON
Date: 22 May

# कार्यशाला की प्रेष विज्ञप्ति

## प्रयागराज 3

### पर्यावरण के लिए जीवन शैली से जैव विविधता के सरंक्षण पर कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता

प्रयागराज। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन केंद्र , प्रयागराज एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ । औपचारिक उद्घाटन के पश्चात कार्यक्रम संयोजक श्री आलोक यादव वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कार्यशाला के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। विशिष्ट अतिथियों श्रीमती सुमन लता त्रिपाठी एवं डॉ शैलेंद्र कुमार मौर्य विशेषज्ञ राष्ट्रीय तंबाकू निवारण कार्यक्रम द्वारा अपने व्याख्यानों में तंबाकू रहित जीवन शैली अपनाने एवं उन्मूलन पर जानकारी प्रदान की । संस्थान प्रमुख डॉ संजय सिंह तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अनिता तोमर ने भारत सरकार के मिशन लाइफ द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत जीवन शैली से जैव विविधता संरक्षण पर बल दिया। डॉ सिंह के अनुसार हम छोटी छोटी गतिविधियों द्वारा पर्यावरण के संरक्षण में योगदान दे सकते है जिसमें जैव विविधता प्रमुख है। कार्यशाला के अंतिम सत्र में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों की शंकाओ का समाधान किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनुभा श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में 50 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों अब एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग लिया।




### पर्यावरण संरक्षण को जीवन शैली बदलें

प्रयागराज, वरिष्ठ संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर सोमवार को पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन केंद्र और सीएमओ कार्यालय कार्यालय की ओर से एक दिनी कार्यशाली का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवन शैली में बदलाव को जरूरी बताया गया। वन अनुसंधान केंद्र के डॉ. संजय सिंह ने कहा कि हम छोटी-छोटी गतिविधियों में बदलाव से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। जिसमें जैव विधिधता प्रमुख है। विशिष्ट अतिथि सुमन लता त्रिपाठी व डॉ. शैलेंद्र कुमार मौर्य ने राष्ट्रीय तंबाकू निवारण कार्यक्रम के जरिए जीवन शैली में बदलाव के बारे में जानकारी दी। वन अनुसंधान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनिता तोमर ने भारत सरकार के मिशन लाइफ कार्यक्रम के जरिए जीवन शैली से जैव विविधता संरक्षण पर बल दिया। कार्यशाला के अंतिम सत्र में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए। डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन केंद्र में आयोजित कार्यशाला।

सिटी

K.RASTRA SANDESH

Home > प्रयागराज >

### पर्यावरण के लिए जीवन शैली से जैव विविधता के सरंक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला

By Admin — Last Updated May 22, 2023 प्रयागराज




10,035

Share Facebook Twitter

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर सोमवार को पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन केंद्र , प्रयागराज एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। औपचारिक उद्घाटन के पश्चात कार्यक्रम संयोजक आलोक यादव वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कार्यशाला के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। विशिष्ट अतिथियों सुमन लता त्रिपाठी एवं डॉ शैलेंद्र कुमार मौर्य विशेषज्ञ राष्ट्रीय तंबाकू निवारण कार्यक्रम द्वारा अपने व्याख्यानों में तंबाकू रहित जीवन शैली अपनाने एवं उन्मूलन पर जानकारी प्रदान की। संस्थान प्रमुख डॉ संजय सिंह तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अनिता तोमर ने भारत सरकार के मिशन लाइफ द्वारा चलाए जा रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत जीवन शैली से जैव विविधता संरक्षण पर बल दिया। डॉ सिंह के अनुसार हम छोटी छोटी गतिविधियों द्वारा पर्यावरण के संरक्षण में योगदान दे सकते है जिसमें जैव विविधता प्रमुख है। कार्यशाला के अंतिम सत्र में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों की शंकाओ का समाधान किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनुभा श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में 50 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों अब एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग लिया।

### तंबाकू सेवन करने वालों की काउंसलिंग

प्रयागराज। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद कार्यालय के सभागार में तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों पर कार्यशाला हुई। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के डॉ. शैलेश मौर्या ने कहा, तंबाकू स्वास्थ्य के अलावा वातावरण को भी क्षति पहुंचता है।

डॉ. संजय सिंह व अनीता तोमर ने विशेष प्रकार की काउंसलिंग करने के बारे में बताया। नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव की जागरूकता के लिए यह 'दिवस मनाया जाता है। संवाद